रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 47
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 29.1
न्यून. 16.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


3 शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

हरियाणा सरकार



"कृषि हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।"
- नरेन्द्र मोदी

## जन कल्याण को समर्पित हरियाणा का समावेशी बजट (2025-26)
### जनता की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

नॉनस्टॉप काम
टॉप परिणाम

महिला सशक्तिकरण की दिशा में 1372.10 करोड़ रुपये का बजट (2025-26)

1. **लाडो लक्ष्मी योजना**
महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता
2. **किशोरी योजना**
सभी जिलों की लड़कियों के लिए
3. **ब्याज मुक्त ऋण**
महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने हेतु 1 लाख रुपये तक का
4. **महिला छात्रावास**
कामकाजी महिलाओं के लिए पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम में
5. सरकारी भवनों में चल रही कैंटीनों के **एक तिहाई टेंडर** महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए



ट्रिपल इंजन सरकार,
तिगुनी रफ्तार!



सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

रोहतक
बुधवार, 19 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 47
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 29.1
न्यून. 16.2

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,201.26 | 1131.31 ▲ |
| निफ्टी | 22,834.30 | 325.55 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 91,250 /- | 500/- ▲ |
| चांदी | 1,02,500/- | ---/- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.55 | 26 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 72.00/ बैरल | 1.31% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# आधार से लिंक होगा वोटर कार्ड

## यूआईडीएआई और चुनाव आयोग के अधिकारियों के बीच बैठक में बनी सहमति

**प्रक्रिया को लेकर एक्सपर्ट की ली जाएगी राय**

चुनाव आयोग ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार अपनाई जाएगी प्रक्रिया

**आयोग ने अप्रैल 2025 से पहले मांगे सुझाव**

पहचान पत्र को लिंक करने के लिए सभी कानूनों का किया जाएगा पालन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वोटर कार्ड और आधार को जल्द लिंक कर दिया जाएगा। इसको लेकर केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मंगलवार को चुनाव आयोग और यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें दोनों को लिंक करने पर सहमति बनी। अब जल्द ही इस पर एक्सपर्ट की राय ली जाएगी। आयोग का कहना है कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इससे पहले 2015 में भी ऐसी ही कोशिश हो चुकी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे रोक दिया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदान का अधिकार केवल भारत के नागरिक को दिया जा सकता है, लेकिन आधार केवल व्यक्ति की पहचान है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के लिए सभी कानूनों का पालन किया जाएगा।



**नहीं कटेंगे नाम**

कानून मतदाता सूचियों को आधार डेटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है। सरकार ने संसद में बताया है कि आधार-वोटर कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया पहले से चल रही है। प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। सरकार ने यह भी कहा कि जो लोग अपने आधार कार्ड को मतदाता सूची से नहीं जोड़ते हैं, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जाएंगे।

### चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता मकसद

भारतीय निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, वोटर-आधार को लिंक करने का मकसद आगामी चुनावों से पहले चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, समावेशिता और एफिशिएंसी को बढ़ाना है। चुनाव आयोग 31 मार्च से पहले निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारियों के स्तर पर बैठक करेगा। इसके लिए पिछले 10 साल में पहली बार चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर सभी राष्ट्रीय और राज्य-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक आधिकारिक तौर पर सुझाव मांगे हैं।

### शीर्ष कोर्ट पहले लगा चुका रोक

वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने का प्रयास चुनाव आयोग पहले भी कर चुका है। 2015 में चुनाव आयोग ने मार्च 2015 से अगस्त 2015 तक राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्यक्रम चलाया था। उस समय चुनाव आयोग ने 30 करोड़ से ज्यादा वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने का प्रोसेस पूरा कर लिया था। ये प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रुकी। दरअसल, वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया के दौरान आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के करीब 55 लाख लोगों के नाम वोटर डेटाबेस से हट गए थे। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था और शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को वोटर कार्ड और आधार को लिंक करने से रोक दिया था।

## खबर संक्षेप

### लैंड फॉर जॉब केसः राबड़ी और तेजप्रताप से पूछताछ



**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप से मंगलवार को पटना के ईडी ऑफिस में पूछताछ हुई। राबड़ी देवी करीब 4 घंटे बाद पौने 3 बजे ईडी ऑफिस से बाहर निकलीं। *एजेंसी*

### जम्मू में बीएसएफ जवान का शव मिला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पलौरा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान का शव मिला। उसके शरीर पर गोली लगने का घाव था। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह (46) को मृत हालत में जीएमसी जम्मू लाया गया था। वे 54वीं बटालियन बीएसएफ मुख्यालय पलौरा में तैनात थे। अधिकारी ने बताया कि जवान के सिर में गोली लगने के घाव हैं। *एजेंसी*

### पूजा खेड़कर को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व आईएएस ट्रेनी ऑफिसर पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। पूजा पर 2022 यूपीएससी परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। *एजेंसी*

### वैष्णो देवी मंदिर में पिस्तौल लेकर पहुंची महिला

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में एक महिला सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए पिस्टल लेकर पहुंच गई थी। घटना 14-15 मार्च 2025 की रात की है। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। हथियार का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था। रियासी पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया है। कटरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। *एजेंसी*

### नीट पीजी 2025: 15 जून को होगी परीक्षा



**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट पीजी 2025 परीक्षा की घोषणा कर कर दी है। नोटिफिकेशन के अनुसार, यह परीक्षा 15 जून, 2025 को आयोजित होगी। परीक्षा दो शिफ्ट में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित की जाएगी। *एजेंसी*

## अंतरिक्ष से वापसी से पहले पीएम ने सुनीता विलियम्स को लिखा पत्र

# हम आपको जल्द भारत में देखने के लिए उत्सुक : मोदी

**9 माह 13 दिन बाद धरती पर वापस लौटेंगी भारतवंशी एस्ट्रोनॉट**

### 1.4 अरब भारतीयों को विलियम्स की उपलब्धियों पर गर्व

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का न्योता दिया है। विलियम्स अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर नौ महीने बिताने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर लौटने वाली हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मार्च को लिखे गए पत्र को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो के माध्यम से विलियम्स को भेजा गया है। इस पत्र को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। मोदी ने पत्र में लिखा, ''भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।'' उन्होंने लिखा, ''आपकी वापसी के बाद हम भारत में आपसे मिलने को उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे प्रतिभाशाली बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।''



भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।'' उन्होंने लिखा, ''आपकी वापसी के बाद हम भारत में आपसे मिलने को उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे प्रतिभाशाली बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी।'' *- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री*

### सफलतापूर्वक वापसी की कामना

- मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि भले ही आप हजारों मील दूर हों, लेकिन आप हमारे दिलों के करीब हैं। भारत के लोग आपके अच्छे स्वास्थ्य और आपके मिशन में सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। 1.4 अरब भारतीयों ने हमेशा आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व किया है।
- मोदी ने 2016 में अमेरिका यात्रा के दौरान विलियम्स और उनके दिवंगत पिता दीपक पंड्या से हुई मुलाकात को याद किया। उन्होंने लिखा- हमारी बातचीत में आपका जिक्र हुआ था। मैंने उनसे कहा था कि हमें आप पर और आपके काम पर कितना गर्व है। इस बातचीत के बाद, मैं खुद को आपको पत्र लिखने से नहीं रोक सका।
- मोदी ने लिखा- आपकी मां बोनी पांड्या आपके लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रही होंगी। मुझे यकीन है कि दीपक भाई का आशीर्वाद भी आपके साथ है।

### चचेरे भाई रावल सुरक्षित वापसी के लिए कर रहे यज्ञ

अहमदाबाद में सुनीता विलियम्स के चचेरे भाई दिनेश रावल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह देश का गौरव हैं। रावल ने कहा कि सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए हम यज्ञ कर रहे हैं। उन्होंने बताया- उनकी मां, भाई और बहन सहित परिवार के सभी लोग खुश है। भारतवंशी सुनीता का गुजरात के महसाना जिले में झुलावन उनका पैतृक गांव है। लोग उनकी वापसी के लिए मंदिरों में उनके लिए प्रार्थनाएं कर रहे हैं।

**3:27**
**बजे सुबह समुद्र में होगी लैंडिंग**



अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। एस्ट्रोनॉट के लिए 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा।

**वापसी में ये दिक्कतें आएंगी**
- फ्लू जैसी स्थिति का सामना करना होगा।
- हाथ-पैर कमजोर होने के कारण चलने में दिक्कत।
- दिल और दिमाग पर पड़ता है गहरा असर।



# नागपुर में हिंसा के बाद 11 क्षेत्रों में कर्फ्यू, 50 गिरफ्तार

**33 पुलिसकर्मी घायल इनमें 3 डीसीपी शामिल**

**संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग**

एजेंसी ▶▶| नागपुर

औरंगजेब का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हुए हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है। दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, एक जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को अरेस्ट किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है।

### औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से हुआ बवाल

सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। पुलिस पर भी हमला किया गया। डीसीपी निकेतन कदम कुल्हाड़ी के हमले से घायल हो गए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। रात 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच ओल्ड भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में एक और झड़प हुई।

## अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस के एनजीओ पर ईडी का छापा



**फेमा उल्लंघन का आरोप**
■
**अवैध फंडिंग के चलते अवैध खाते किए थे फ्रीज**
■
**कर्मियों के घरों की भी तलाशी ली गई**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े एनजीओ पर ईडी ने मंगलवार को छापा मारा। बेंगलुरु स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन, ओपन सोरोस फाउंडेशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल के दफ्तरों पर ईडी ने कार्रवाई की। एजेंसी ने एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच के पूर्व-वर्तमान कर्मचारियों के घरों की भी तलाशी ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी की कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन को लेकर हुई। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने दिसंबर 2020 में ही भारत में अपनी एक्टिविटी बंद कर दी थी। संस्था के बैंक खाते अवैध विदेशी फंडिंग के आरोप के चलते फ्रीज भी किए गए थे। एमनेस्टी और ह्यूमन राइट्स वॉच पर ओपन सोरोस फाउंडेशन से फंडिंग मिलने का आरोप है।

## राम मंदिर में रामदरबार का सिंहासन बनकर तैयार



**मकराना के सफेद पत्थर से बना गर्भगृह**
■
**14 मंदिरों में स्थापना 30 अप्रैल को**

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर में रामदरबार का सिंहासन बनकर तैयार हो गया है। रामनवमी से पहले ट्रस्ट ने भव्य राम मंदिर की 8 नई तस्वीरें जारी की हैं। इसमें फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना के लिए सफेद संगमरमर का सिंहासन बनकर तैयार हो गया है। ग्राउंड फ्लोर की ही तरह फर्स्ट फ्लोर पर सिंहासन बनाया गया है। गर्भगृह में भव्य नक्काशी की गई है। सामने मंडपम बनाया गया है। इसके खंभों में भी नक्काशी की गई है, जो कि जयपुर के पिंक सैंड स्टोन से बनाया गया है। राम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर के अलावा 14 और मंदिर बन रहे हैं। इनमें मूर्तियों की स्थापना के लिए अभी शुभ तिथि 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) और प्राण प्रतिष्ठा 5 जून (गंगा दशहरा) को तय हुई है। हालांकि ट्रस्ट की मुहर लगना अभी बाकी है।

## हरियाणा के बदमाश का पंजाब में एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**लॉरेंस का गुर्गा, यूट्यूबर के घर ग्रेनेड अटैक किया था**
■
**हथियार बरामदगी के लिए पंजाब ले गई थी पुलिस**
■
**पुलिस पर फायरिंग की**

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** पंजाब के जालंधर में मंगलवार सुबह पुलिस और हरियाणा के बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें बदमाश को गोली लगी। उसने यूट्यूबर नवदीप सिंह संधू उर्फ रोजर संधू के घर ग्रेनेड हमला किया था। इसके बाद जालंधर पुलिस ने उसे यमुनानगर से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उसे हथियार की बरामदगी के लिए साथ ले गई थी। यहां उसने पुलिस पर फायरिंग की। इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें बदमाश को गोली लगी। हार्दिक कंबोज यमुनानगर के थाना बिलासपुर के गांव रामपुर बिहटा का रहने वाला है। वह लॉरेंस गैंग का गुर्गा है। एनकाउंटर राजयपुर बल्लां के पास किया गया। इस जगह से कुछ ही दूरी पर इन्फ्लुएंसर का घर है, जहां पर वारदात को अंजाम दिया गया था।

## फतेहाबाद : नशा तस्कर से 3.20 करोड़ रुपये की हेरोइन पकड़ी

**पंजाब का युवक टोहाना लेकर आया था 4 किलो हेरोइन**
■
**पुलिस को शक हुआ तो ली तलाशी**

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** टोहाना पुलिस की अपराध शाखा ने नशे के एक बड़े सप्लायर को काबू कर उसके पास से 4 किलो हेरोइन बरामद की है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 20 करोड़ रुपये बताई गई है। सप्लायर की पहचान जगसीर उर्फ जग्गा निवासी छाजली हाल किरायेदार बखोरा कलां जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। फतेहाबाद पुलिस ने इतिहास में पहली बार हेरोइन की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। टीम जब इंदिरा कॉलोनी के पास पहुंची तो पुलिस को सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उने अपना नाम जगसीर सिंह उर्फ जग्गा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# इजराइल की गाजा पर एयरस्ट्राइक, 12 घंटे में 413 की मौत, सैकड़ों घायल

**युद्धविराम के बाद यह सबसे बड़ा हमला** | **गाजा ने कहा, यह युद्ध विराम का उल्लंघन** | **नेतन्याहू बोले, वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हुई, अब सैन्य ताकत बढ़ाकर कार्रवाई करेंगे**

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

इजराइल ने मंगलवार सुबह गाजा में फिर से एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। करीब 12 घंटे से जारी इजराइली हमलों में अब तक 413 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों घायल हैं। इस हमले के साथ ही 19 जनवरी को गाजा और इजराइल के बीच हुआ दो महीने पुराना सीजफायर टूट गया है। इजराइल का दावा है कि वह हमले की प्लानिंग कर रहे आतंकियों को निशाना बना रहा है। वहीं, गाजा के उग्रवादी संगठन हमास का कहना है कि नेतन्याहू का फिर से युद्ध शुरू करने का फैसला इजराइली बंधकों के लिए मौत की सजा की तरह है। इस हमले के बाद हमास की कैद में मौजूद लगभग 2 दर्जन इजराइली बंधकों की रिहाई को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। दूसरी तरफ इजराइली फोर्सेज ने लोगों को पूर्वी गाजा खाली करने का आदेश दिया है।

### गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे : इजरायली

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे।

### यह सीजफायर का उल्लंघन : हमास

हमास ने इसे सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजराइली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। इजराइल ने पिछले दो हफ्तों से गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे।

**आरोप-प्रत्यारोप** लोकसभा में महाकुंभ पर संबोधन को लेकर पक्ष-विपक्ष में रार

# महाकुंभ सबका प्रयास, दुनिया ने भारत का विराट स्वरूप देखा : मोदी

### इस महाआयोजन में अनेक अमृत निकले



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह 'सबका प्रयास' का साक्षात स्वरूप था। उन्होंने निचले सदन में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि महाकुंभ से 'एकता का अमृत' और कई अन्य अमृत निकले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज मैं इस सदन के माध्यम से देशवासियों को नमन करता हूं जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है.. मैं सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं।'' उनका कहना था, ''मैं देश के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश की जनता और विशेषकर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।'उन्होंने कहा कि जिस तरह से गंगा को लाने के लिए भगीरथ प्रयास हुआ था उसी तरह का महाप्रयास महाकुंभ में दिखाई दिया। प्रधानमंत्री का कहना था, ''मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के माध्यम से भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। 'सबका प्रयास' का यही साक्षात स्वरूप है।'' उन्होंने कहा, ''महाकुंभ में हमने अपनी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह हमें नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है।''

# भदगड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी : राहुल

### मुझे बोलने का मौका नहीं मिला



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री के संबोधन पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने (मोदी ने) आयोजन स्थल पर भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी और सदन में विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें बोलने नहीं मौका नहीं मिला। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने जो कहा, मैं उसका समर्थन करना चाह रहा था। कुंभ हमारी परंपरा, इतिहास और संस्कृति है। हमारी एक ही शिकायत है कि प्रधानमंत्री ने उन लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी, जिन्होंने कुंभ में (भगदड़ से) जान गंवाई। कुंभ की अपनी जगह है, लेकिन कुंभ में गए युवा प्रधानमंत्री से एक और चीज चाहते हैं, और वह है रोजगार।

### भारत की लंबी दूरी की धाविका है अर्चना जाधव

# भारतीय धाविका जाधव डोप टेस्ट में फेल, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।

## सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे

प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन

**10,000**

मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

### जाधव ने ईमेल पर खेद जताया था

*जाधव ने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।*

### तीन मार्च तक का समय दिया गया था

*एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।*

### आखिरी बार अक्टूबर 2024 दिल्ली मैराथन में भाग लिया

*हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी।*

# भारत का मालदीव से आज मुकाबला

**शिलांग (एजेंसी)।** भारत और मालदीव के बीच बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला जाएगा तो सभी की निगाहें संन्यास से वापसी करने वाले स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर टिकी रहेंगी। भारत के लिए यह मैच एक सप्ताह से भी कम समय में इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा। भारत एशिया कप क्वालीफायर में अपना पहला मैच 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 40 वर्षीय छेत्री ने इस प्रतियोगिता में भारत को सफलता दिलाने के लिए ही इस महीने के शुरू में संन्यास से वापसी करने की घोषणा की थी। भारतीय टीम के लिए यह अभ्यास मैच ऐतिहासिक भी है क्योंकि वह पहली बार फुटबॉल के दीवाने इस पहाड़ी शहर में मैच खेलेगी।

- छेत्री पर रहेंगी सभी की निगाहें
- इसी महीने छेत्री ने संन्यास से वापसी की घोषणा की



**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 66—अम्बाला/2024—25 दिनांक 18.03.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता—समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई—निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/पीडब्लू/यूएमबी के खंड में यूएमबी—एसआरई, यूएमबी—एमओवाई, यूएमबी—डीकेटी, और यूएमबी—यूबीसी खंड की दिशा में अंबाला कैंट यार्ड के प्रवेश द्वारों पर कूड़ा—कचरा उठाना। | 23,92,362 | 47,900 | 12 महीने | 09.04.2025 |
| 2 | सीनियर डिविजनल इंजीनियर—III/यूएमबी के अधीन एडीईएन/एसआरई के खंड में टीबीएसआर (एच—बीम)—239 नग (एसआरई—यूएमबी सेक्शन पर ब्रिज नं. 242यूपी, 251यूपी और 259यूपी)। | 68,82,382 | 1,37,700 | 07 महीने | 09.04.2025 |
| 3 | सीनियर डीईएन—IV/यूएमबी के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/एसआईआर और एडीईएन/आरपीजे के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर आरसीसी ओवर हेड टैंकों का प्रावधान। | 2,74,23,060 | 2,87,100 | 06 महीने | 09.04.2025 |
| 4 | अंबाला मंडल में एडीईएन/टी/यूएमबी के अधीन कीमैन और पैट्रोलमैन के लिए 2 वर्ष की वारंटी और सेवा के साथ सिम कार्ड सहित जीपीएस ट्रैकर्स आधारित व्यक्तिगत ट्रैकिंग डिवाइस की आपूर्ति, कमीशनिंग और ट्रैकिंग। | 59,76,219 | 1,19,500 | 24 महीने | 09.04.2025 |

नोट :— 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **851/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

### अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज डिविलियर्स का मानना

# कोहली को अपना स्ट्राइक रेट बढ़ाने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विराट स्मार्ट क्रिकेट खेलकर सूत्रधार की भूमिका निभाए

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना स्ट्राइक रेट बढ़ने पर ध्यान देने के बजाय स्मार्ट क्रिकेट खेल कर सूत्रधार की भूमिका निभानी चाहिए तथा शीर्ष क्रम में विस्फोटक बल्लेबाज फिल साल्ट का साथ मिलने से उन पर दबाव कम होगा। कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन पिछले दो सत्र से उनका स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय बना हुआ है। बेंगलुरु की फ्रेंचाइजी ने हालांकि आईपीएल के इस सत्र के लिए इंग्लैंड के साल्ट और लियाम लिविंगस्टोन, ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड और वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को अपनी टीम में लिया है जिससे डिविलियर्स को लगता है कि कोहली अधिक स्वच्छंद होकर खेल सकते हैं। डिविलियर्स ने मंगलवार को जियोस्टार प्रेस रूम में कहा, ''ऐसा लगता है कि विराट अपने क्रिकेट का आनंद ले रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें फिल साल्ट के साथ बल्लेबाजी करते हुए अपनी स्ट्राइक रेट बढ़ानी होगी।

## शेफाली ने बनाई हैट्रिक

**गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



## हरियाणा, ओडिशा व मप्र ने अपने मुकाबले जीते

**रांची।** हरियाणा, ओडिशा और मध्यप्रदेश ने महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने मुकाबले जीते। हरियाणा ने मणिपुर को 7-1 से हराया जबकि ओडिशा ने बंगाल को 1-0 से मात दी। मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 2-0 से हराया। हरियाणा के लिये सावी और कीर्ति ने दो जबकि खासा शशि , सुप्रिया और कीर्ति ने एक एक गोल किया। मणिपुर के लिये एकमात्र गोल दीना देवी ने दागा।

# पाक को मिल रही हार पर हार, न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी-20 मैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पाकिस्तान ने दिया 136 रनों का लक्ष्य

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी पाकिस्तान टीम की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। उसे न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैच में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था और सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई थी। बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का तीसरा और आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला बारिश में धुल गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब पाकिस्तान टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 सीरीज खेल रही है और यहां भी टीम को लगातार हार मिल रही है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। कप्तान सलमान अली आगा को छोड़कर कोई भी क्रीज पर टिक नहीं सका। सलमान ने 46 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने 22 रनों का योगदान दिया। पूरी टीम 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी।



## चिंतन

# आखिर कब तक भड़कती रहेगी सांप्रदायिक हिंसा?

मानवता के मार्ग में हिंसा की कोई जगह नहीं है। राष्ट्र के सामाजिक विकास में कोई भी विभाजनकारी तत्व अवरोधक है। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा भारत की वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, संवैधानिक सहिष्णुता छवि को दागदार बनाती है। सांप्रदायिकता और जातीयता की बुनियाद पर कोई भी राजनीति प्रगतिवादी नहीं हो सकती है। अगर एक अफवाह पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कती है, तो यह किसी भी समाज, राष्ट्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे संगठन, लोग किसी भी राज्य, देश के लिए हितकारी नहीं हो सकते, जिनके लक्ष्य विभाजनकारी हैं। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, एक फिल्म से या किसी अफवाह से अपना विवेक खो देते हैं, तो ऐसे लोग कम से कम अपने धर्म को नहीं समझते। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता। भारत की सभ्यता विश्व की सबसे पुरानी है। भारतीय संस्कृति पांच हजार वर्ष पुरानी है। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है। भारत ने अतीत में विभिन्न तरह की कड़वाहट को झेला है। विदेशी मुस्लिम आक्रांता आए, इस्लाम लेकर आए, शासन किया। व्यापारी बनकर अंग्रेज आए, शासक बन गए, ईसाइयत का प्रचार किया, भारत का जी भरकर दोहन किया। लेकिन करीब नौ सौ वर्ष के काल में सनातन कभी कमजोर नहीं हुआ। सनातन व इसकी सांस्कृतिकता की छवि को विभ्रमित करने की सचेष्ट कोशिश जरूर हुई, लेकिन कभी किसी को सफलता नहीं मिली। भारत का राजनीतिक अतीत रक्तरंजित है, विवादों से भरा हुआ है, महिमामंडित है और गलत-सही तथ्यों से शब्दित है। इसलिए अतीत की कब्र खोदने से हमें निराशा ही मिलेगी। कोई भी अतीत वर्तमान के न्याय का आधार नहीं हो सकता। भारत हमेशा भविष्योन्मुखी देश व समाज रहा है, जहां सभी वर्ग, वर्ण, धर्म के लोगों ने जगह पाई है। भिन्नता, बहुलता, बहुसांस्कृतिकता, बहुधर्मिता, बहुजातीयता भारत की खूबी भी हैं और ताकत भी हैं। सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति से अगर भारत की इस खूबी व ताकत को कमजोर करने की कोशिश होगी तो अंततः राष्ट्र ही कमजोर होगा। यूरोप ने अतीत में काफी हिंसा देखी, विश्व के अनेक हिस्सों में अतीत में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं, सभी ने सबक सीखा, खुद को सभ्य बनाने की राह चुनी। आजादी के वक्त से ही भारत ने अनेक सांप्रदायिक व जातीय हिंसा को झेला है, तो क्या अब भारत सबक नहीं सीखेगा। धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहेगा, खून बहता रहेगा, आखिर मानवता की स्थापना कब होगी? कौन करेगा, जब राजनीति चमकाने के लिए चंद लोग अतीत की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। विश्व के श्रेष्ठ संविधान वाले देश भारत अपने संवैधानिक समानता, एकता, अखंडता, समरसता के लक्ष्यों को साकार कब करेगा? एक अफवाह भर से अगर हिंसा फैलती है, तो क्या लोग तलवार व भाले लेकर हमेशा बैठे रहते हैं? क्या हम इतने खून के प्यासे हो गए हैं? हम इतने आक्रोशित क्यों हैं? हमारी राजनीति देश को किस अंधकार में धकेल रही है? नागपुर की सांप्रदायिक हिंसा देश में पहली घटना नहीं है, देश में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं, लाखों जानें गई हैं। बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, गांधी के देश में सांप्रदायिक आग क्यों भड़क रही है? क्या हम विभाजनकारी बुनियाद पर विकसित भारत बनाएंगे? सरकार को नागपुर हिंसा की जांच करनी चाहिए, दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचानी चाहिए। किसी भी संगठन, गुट व लोग को समाज को सांप्रदायिक आग में झोंकने का हक नहीं मिलना चाहिए, इनके प्रति सरकार को कठोर होना चाहिए।

## विमर्श

आचार्य श्रीहरि



# मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति का दौर

भारत आजादी के पूर्व की मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति फिर से होने लगी है। इसकी एक झांकी दिल्ली के जंतर-मंतर पर देखने को मिल रही है, जहां पर मजहबी मुस्लिम भीड़ अपना संहारक रूप दिखा रही है। ऐसी भीड़ और भाषा आजादी के पूर्व विखंडन का डर दिखाती थी। सबसे पहले ऐसी भीड़ 1906 में ढाका में जमा हुई थी, जहां पर भारज विभाजन की कसमें खाई गई थी। 1985 में शाहबानों मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में ऐसी भीड़ और भाषा का प्रदर्शन हुआ था। राममंदिर का ताला खोलने के खिलाफ मुस्लिम आबादी 1987 में अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन किया था। 2019 में सीएए कानून के खिलाफ ऐसी भीड़ और भाषा का प्रयोग शाहीनबाग सहित देशभर में जगह-जगह हुआ था। इसके अलावा दंगों और विभिन्न घटनाओं में मुस्लिम गिरोह अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन करता रहा है। इनमें एक नमाजी हिंसा है। जूमे की नमाज के बाद किसी भी प्रश्न पर होने वाली बर्बर हिंसा और प्रदर्शन को नमाजी हिंसा के नाम से जाना जाता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ जमा हुई भीड़ और उसकी चेतावनी, आक्रामकता और संहार करने जैसी भाषा को लेकर हिन्दुओं के अंदर बहुत बड़ी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, हिन्दुओं के मन में डर घर कर गया। सोशल मीडिया पर इसकी बहुत बड़ी प्रतिक्रिया देखी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया यह है कि यह मुस्लिम भीड़ शाहीनबाग की ही टूकॉपी है। कहने का अर्थ यह है कि शाहीनबाग मानसिकता में शामिल मुस्लिम संगठन और गिरोह ही ऐसी संहार करने वाली धमकियां सरेआम दे रही है। शाहीनबाग की मानसिकता की खुशफहमी अभी तक गई नहीं है, इनकी हिंसक मानसिकता गई नहीं है। यह सब अभी तक जारी है। वक्फ बोर्ड संशोधन कानून अभी प्रस्तावित है, संसदीय विचार-विमर्श में शामिल है, वृहद चर्चा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, सभी पक्षों को अपने विचार रखने की स्वतंत्रता दी गई है, सभी पक्षों ने अपने विचार भी रखे हैं, फिर भी विरोध को धमकी और संहार करने की भाषा में बदल देना कहीं से भी न्यायप्रिय नहीं है। यह अराजकता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन है, दुरूपयोग है। अगर संसद ने वक्फ कानून बनाया है तो फिर वक्फ कानून को समाप्त करने का अधिकार भी संसद को है। इस संसदीय अधिकार का अतिक्रमण मुस्लिम भीड़ अपनी हिंसा की प्रक्रिया से अतिक्रमण नहीं कर सकती है। इस्लामिक विद्वान नदीम शेख ने बहुत ही प्रामाणिक तर्क दिया है। उनका तर्क यह है कि वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था इस्लाम के अंदर ही नहीं है। उन्होंने प्रमाण भी दिया है। जब कुरान या हदीश में कोई उल्लेख नहीं है तो फिर उस व्यवस्था को लेकर इतनी हिंसक भाषा का प्रयोग क्यों होना चाहिए, इतनी हिंसक भीड़ का प्रदर्शन क्यों होना चाहिए? देश की शांति को छिन्न-भिन्न करने का संकल्प क्यों लेना चाहिए? मूल संविधान के किसी भी अध्याय में वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था भी नहीं है। विखंडन के लिए जिम्मेदार कांग्रेस ने भारत की सनातन संस्कृति के खिलाफ वक्फ बोर्ड की व्यवस्था लागू की थी। 1954 में जवाहरलाल नेहरू ने इसकी नींव डाली थी। फिर 1964 में इसको शक्तिशाली बनाया गया था। विभिन्न कांग्रेसी सरकारों के दौरान वक्फ अधिनियम को मजबूत करने का काम किया गया है। कांग्रेस अपने स्थापना काल से ही मुस्लिम नीतियों की समर्थक रही है। अभी भी कांग्रेस मुस्लिम जिहाद के रास्ते पर चलती है। वक्फ प्रदर्शनों में कांग्रेस का अप्रत्यक्ष समर्थन है। इसके अलावा मुस्लिम राजनीति करने वाली राजनीतिक पार्टियों और कम्युनिस्टों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समर्थन सहयोग मिला हुआ है। वक्फ बोर्ड का वर्तमान अधिकार अराजक है और विभिन्न संहिताओं को सीधे चुनौती देता है। वक्फ बोर्ड के दावे से संकट और हिंसक टकराव की स्थिति उत्पन्न होना भी स्वाभाविक है। मुस्लिम आबादी को संविधान और कानून से ऊपर होने की गलतफहमी छोड़ देनी चाहिए। संसद किसी कानून या फिर संविधान के किसी प्रावधान को समाप्त कर सकता है और संशोधित कर सकता है। इसलिए संसद के पास वक्फ बोर्ड को लेकर अधिकार है। अब तक संसद ने संविधान में लगभग डेढ सौ संशोधन किए हैं, इस सच्चाई को जानने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुसलमानों की हिंसक भाषा ने हिन्दुओं को न केवल जगाया है बल्कि हिन्दू अब मुसलमानों को अपना भाई नहीं, अपितु दुश्मन के तौर पर देखने के लिए बाध्य हैं। इसका राजनीतिक लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिलेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

डॉ. एल.एस. यादव

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गार्डस (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गाडर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।

इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित

दर्शन

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

## अच्छी बातों से मिलता है लाभ



संकलित

प्रेरणा

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नालियां जाम, मच्छर बढ़े

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमा गई है। छोड़ी सी कालोनी और समस्याएं ढेर सारी हैं। समिति के जिम्मे साफ-सफाई और मेंटेनेंस का जिम्मा है। पहले हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे होता था, तो महीने में हर गली की सफाई हो जाती है। अब शुल्क लेने के बाद भी साल में एक या दो बार गालियों की सफाई होती है। ऐसे में गालियां जाम हैं और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जब तक कोई शिकायत न हो, लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

*- राजेंद्र कुमार, सेजबहार*

## करंट अफेयर

### यूरोप में 1997 के बाद से खसरे का सबसे बुरा प्रकोप

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1997 के बाद से यूरोप में खसरे के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। साल 2024 में 127,350 मामले थे – जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। यूरोप के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा, /"खसरा वापस आ गया है और यह एक चेतावनी है। उच्च टीकाकरण दरों के बिना, कोई स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। पिछले साल खसरे से 38 मौतें हुई थीं। इसका संक्रमण कोविड की तरह ही फैलता है। इसके संक्रमण के कारण हल्के मामलों में शरीर पर दाने आते हैं और बुखार होता है, जबकि गंभीर मामलों में इन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), निमोनिया और अंधापन होता है। अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की आशंका मुख्य रूप से उन लोगों में होती है, जिन्होंने टीके नहीं लिये हैं, तथा विकसित देशों में खसरे के मामलों में मृत्यु दर लगभग 1,000 में से एक से लेकर 5,000 में से एक तक होती है। खसरे से संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति औसतन 12 से 18 अन्य लोगों में वायरस फैला सकता है। यह कोविड से ज़्यादा संक्रामक है। उदाहरण के लिए, कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित व्यक्ति वायरस को लगभग आठ अन्य लोगों में फैला सकता है।



## ऑफ बीट

### मातृ मृत्यु दर 33 अंक घटकर 2018-20 में 97 हो गई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा को बताया कि भारत ने 2020 तक मातृ मृत्यु अनुपात को घटाकर, प्रति लाख जीवित जन्म पर 100 करने का राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक इसे 70 करने के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उच्च सदन को एक प्रश्न के उत्तर में नड्डा ने बताया कि भारत के महा पंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, देश का वर्तमान मातृ मृत्यु अनुपात प्रति लाख जीवित जन्म पर 97 है। उन्होंने कहा कि एमएमआर 2014-16 में 130 था जो 2018-20 में 97 हो गया। इस प्रकार एमएमआर में 33 अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। नड्डा ने कहा, भारत ने 2020 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के,प्रति लाख जीवित जन्मों पर 100 एमएमआर का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 70 का एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह, भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 75 प्रतिशत की कमी आई है।



## ट्रेंड

### दिल्ली का विकास

हमारा एक ही लक्ष्य है- दिल्ली की प्रगति, समृद्धि और विकास। इस सदन का उपयोग करते हुए हम पक्ष -विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे। सभी का सहयोग लेते हुए सकारात्मक माहौल में चर्चा करेंगे और दिल्ली का विकास व प्रगति सुनिश्चित करेंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### अराजक तत्वों पर कार्रवाई

महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं, क्योंकि इससे आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### ओबीसी आरक्षण बढ़ाया

कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की ज़रूरत है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### अडोलसीन्स सीरीज

नेटफलिक्स की अडोलसीन्स एक ऐसी सीरीज है जो वास्तव में महान हो सकती है। यह आपको पात्रों के दिमाग में गहराई से डुबो देती है और आपको खुद पर चिंतन करने का मौका देती है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# दिहुली नरसंहार में 4 दशक बाद तीन दोषियों को फांसी

भाषा ▸▸ मैनपुरी (उप्र)

मैनपुरी जिले की एक विशेष अदालत ने 1981 के देहुली जनसंहार मामले में तीन लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई। सरकारी वकील रोहित शुक्ला ने बताया कि 18 नवंबर 1981 को हुई जनसंहार की इस घटना में छह महीने और दो साल की उम्र के दो बच्चों समेत 24 दलितों की डकैतों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने इस मामले में कप्तान सिंह (60), रामपाल (60) और राम सेवक (70) को दोषी ठहराते हुए उन्हें मौत की सजा सुनाई। अदालत ने दोषियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## मैनपुरी जिले की विशेष अदालत का फैसला



■ मुखबिरी करने का आरोप लगा डाकुओं के गैंग ने दिहुली में जमकर लूटपाट करने के साथ ही सामूहिक नरसंहार की वारदात को अंजाम दिया था

### क्या था पूरा मामला?

18 नवंबर 1981 की शाम को फिरोजाबाद जिले के दिहुली गांव में पुलिस की वर्दी पहने 17 हथियारबंद डकैतों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर 23 लोगों की हत्या कर दी थी। जनसंहार की इस घटना में छह महीने और दो साल की उम्र के दो बच्चों भी शामिल थे। जबकि 1 व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। चार दशकों से अधिक समय तक चले मुकदमे सुनाया फैसला।

### पुलिस जांच में 17 डकैतों को आरोपित किया गया था, 13 की मौत और एक अभी भी फरार

*घटना के बाद स्थानीय निवासी लैइक सिंह की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में 17 डकैतों को आरोपित किया गया था, जिनमें गिरोह के सरगना संतोष सिंह (उर्फ संतोसा) और राधेश्याम (उर्फ राधे) भी शामिल थे। हालांकि, मुकदमे के दौरान 13 आरोपियों की मौत हो गई, जबकि एक आरोपी अब भी फरार हैं।*

### 30 दिन में कर सकते हैं हाईकोर्ट में अपील

फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं।

**14 दिन जेल की क्वारंटीन बैरक में रहेंगे तीनों दोषी**

कोर्ट की ओर से सजा सुनाकर जेल भेजे गए तीनों दोषियों को पहले 14 दिन के लिए क्वारंटीन बैरक में रखा जाएगा। मंगलवार शाम जेल पहुंचते ही उनको इस बैरक में भेज दिया गया। 14 दिन के बाद उसको नियमित बैरक में भेजा जाएगा।

## नियमों को तोड़ा तो लगेगा 10 गुना ज्यादा जुर्माना, सजा भी होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार शुरू से ही सड़क सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के कदम उठाती रहती है। अब सरकार ने मोटर वाहन नियम को तोड़ने को लेकर नए जुर्माना और सजा को लागू कर दिया है। ये नए जुर्माने और सजा लागू कर दिए गए हैं। इन नए नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने को 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही दोबारा गलती करने पर जुर्माना और सजा सख्त की गई है।

## दिल्ली सरकार आयुष्मान लागू करने के लिए 10 को करेगी एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए राज्य सरकार 10 अप्रैल को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगी। इसका लक्ष्य एक महीने के भीतर एक लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए नामांकित करना है। इस योजना को लागू करना फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा द्वारा किए गए प्रमुख वादों में से एक था।

## बजट सत्र: संसद में महाकुंभ को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

# महाकुंभ में भगदड़ की जांच उप्र सरकार ने की, केंद्र के पास आंकड़ा नहीं होता: राय

सदन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल और नामदेव ने प्रश्नों का दिया जवाब

भाषा ▸▸ नई दिल्ली





बजट सत्र के दूसरे चरण के पांचवें दिन मंगलवार को महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जमकर चला। केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ की घटना की जांच उत्तर प्रदेश सरकार ने की और उसके (केंद्र) के पास ऐसी घटनाओं में हताहत हुए लोगों का आंकड़ा नहीं होता है।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भगदड़ में मारे गए और घायल हुए लोगों की संख्या और कारणों की जांच के लिए अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों पर कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और के. नामदेव के एक सवाल का लिखित जवाब देते हुए यह जानकारी साझा की।

राय ने कहा कि संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, विधि व्यवस्था और पुलिस राज्य के विषय हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन, भीड़ प्रबंधन, भक्तों के लिए सुविधाओं की व्यवस्था, कार्यक्रमों के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की रोकथाम आदि लोक व्यवस्था से जुड़े हुए हैं, जो राज्य का विषय है।

उन्होंने कहा कि किसी राज्य में भगदड़ सहित किसी भी प्रकार की आपदा की किसी भी प्रकार की जांच करना और मृत श्रद्धालुओं और घायल व्यक्तियों के परिवारों को वित्तीय सहायता का प्रावधान भी संबंधित राज्य सरकारों के दायरे में आता है। राज्य सरकारें ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए सक्षम हैं। ऐसा कोई डेटा केंद्रीय रूप से नहीं रखा जाता है।"

### दुनिया जानेगी महाकुंभ की रणनीति

#### आयोजन की सफलता पर 19 को शिखर सम्मेलन




**लखनऊ (भाषा)।** प्रयागराज में 10 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ की सफलता और उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए कुशल प्रबंधन को जानने-समझने के लिए 19 मार्च को यहां सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को आधिकारिक जानकारी दी गई। इस सम्मेलन में देश के जाने माने वैज्ञानिक, जल विशेषज्ञ, पर्यावरणविद और विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पहली बार महाकुम्भ में स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो उपाय किए गए वे वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सहयोग से महाकुम्भ में जल प्रबंधन, गंगा की स्वच्छता, आधुनिक तकनीक का उपयोग और आपदा प्रबंधन को सफलतापूर्वक लागू किया गया।

### ≫ लोकसभा में जमकर हंगामा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि नियम 372 के तहत प्रधानमंत्री और मंत्री स्वेच्छा से सदन में वक्तव्य दे सकते हैं और उस पर कोई सवाल-जवाब नहीं होता है। इस पर असंतोष जताते हुए विपक्षी सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के कारण बिरला ने दोपहर करीब 12.30 बजे सदन की कार्यवाही एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। नारेबाजी के बीच ही, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा का जवाब दिया।

### मणिपुर में सामान्य स्थिति के लिए प्रतिबद्ध: निर्मला



नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिए मणिपुर बजट और 2025-26 के लिए लेखानुदान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए राज्य की आर्थिक वृद्धि के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।मंत्री ने विपक्षी दलों से आरोप-प्रत्यारोप में शामिल होने के बजाय शांति प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया। मणिपुर में अशांति ने इसकी अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है, लेकिन सीतारमण ने तेजी से सुधार के बारे में आशा व्यक्त की।उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था में सुधार और आर्थिक गतिविधि में सुधार के साथ, मुझे उम्मीद है कि इस साल से जीएसडीपी में कुछ सुधार दिखाई देगा।

### मनरेगा को कमजोर किया जा रहा : सोनिया गांधी



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को राजग के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया और इस कानून के तहत न्यूनतम मजदूरी और कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की।



## विपक्ष ने मोदी के वक्तव्य को 'डैमेज कंट्रोल' बताया भाजपा बोली: महाकुंभ का संदेश दुनिया तक पहुंचाया



**नई दिल्ली (भाषा)।** विपक्षी दलों ने पीएम मोदी द्वारा लोकसभा में महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य को 'डैमेज कंट्रोल' का प्रयास करार दिया। दूसरी तरफ, भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहाकि प्रधानमंत्री ने देश की संसद से महाकुंभ से निकले एकता के संदेश को दुनिया तक पहुंचाया है और उनकी बातें उन लोगों को पसंद नहीं आईं जो 'औरंगजेब फैन क्लब' में शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि संसद में प्रधानमंत्री के वक्तव्य के बाद विपक्ष को भी बोलने देना चाहिए था, क्योंकि कुंभ के विषय पर विपक्ष की भी भावनाएं हैं, जिसे लेकर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा कि मोदी का भाषण नुकसान की भरपाई (डैमेज कंट्रोल) वाला भाषण है।


# अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

(भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली 110070
वेबसाइट : www.aicte-india.org

## सार्वजनिक सूचना

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (अभातशिप) के संज्ञान में यह आया है कि परिषद् में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों के प्रस्ताव देने वाले फर्जी ईमेल और पत्र प्रसारित किए जा रहे हैं। जिसमें कि अभातशिप (एआईसीटीई) के नाम और उसी के समान ईमेल आईडी का उपयोग किया जा रहा है और यहां तक कि इसमें अभातशिप के अधिकारियों/प्राधिकारियों के नाम भी प्रयोग किए जा रहे हैं। नियुक्ति का प्रस्ताव देने वाले ऐसे फर्जी ईमेल के द्वारा आवेदन पत्र/परीक्षा/साक्षात्कार/सरकारी आवास/वर्दी/मेस शुल्क आदि प्रदान करने के लिए, डिमांड ड्राफ्ट/यूपीआई या किसी अन्य डिजिटल प्रारूप के माध्यम से शुल्क/धनराशि भी माँग सकते हैं।

आप सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि अभातशिप किसी भी ईमेल अथवा पत्रों के माध्यम से कोई नियुक्ति प्रस्ताव जारी नहीं करता है, और नियुक्ति हेतु किसी भी प्रक्रिया को करने के लिए कोई भी शुल्क/धनराशि की माँग नहीं करता है। अभातशिप में रोजगार के अवसरों के संबंध में सभी आधिकारिक संचार, परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट (www.aicte-india.org) के माध्यम से ही किया जाता है। अभातशिप अपनी भर्ती प्रक्रियाओं की सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सावधानी बरतें और अभातशिप द्वारा कथित तौर पर दिए गए किसी भी नियुक्ति प्रस्ताव की प्रामाणिकता की पुष्टि कर लें।**

विज्ञापन संख्या : अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/01(03)/2025
प्रो० राजीव कुमार
सदस्य सचिव, अभातशिप

CBC - 21300/12/0016/2425



# उत्तर रेलवे

## "ए.टी.वी.एम. मशीन द्वारा अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु।"

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, अंबाला मण्डल द्वारा सेवानिवृत ग्रुप सी रेलवे कर्मचारियों से स्मार्ट कार्ड धारक यात्रियों को अंबाला मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.वी.एम. मशीन द्वारा टिकट जारी करने में सहायता करने और ए.टी.वी.एम. मशीन से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु सहायक नियुक्ति करने के लिए आवेदन निमंत्रित किए जाते हैं। सहायक के रूप में कार्य करने की अवधि 01 वर्ष अर्थात 31.03.2025 तक की होगी। ए.टी.वी.एम. स्मार्ट कार्ड धारकों को दिये जाने वाले 3% बोनस के अतिरिक्त रेलवे द्वारा सहायकों को कोई भी अतिरिक्त मानदेय देय नहीं होगा।

**अंबाला मण्डल में ए.टी.वी.एम. की सूची:-**

| क्र. सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | ए.टी.वी.एम. की संख्या | नियुक्त किए जाने वाले सहायकों की संख्या | स्टेशन केटेगरी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहारनपुर | SRE | 3 | 9 | NSG-3 |
| 2 | यमुनानगर जगाधरी | YJUD | 1 | 3 | NSG-3 |
| 3 | बराडा | RAA | 1 | 3 | NSG-5 |
| 4 | अम्बाला कैंट | UMB | 2 | 6 | NSG-2 |
| 5 | अम्बाला सिटी | UBC | 1 | 3 | NSG-5 |
| 6 | चंडीगढ़ | CDG | 4 | 12 | NSG-2 |
| 7 | कालका | KLK | 1 | 3 | NSG-3 |
| 8 | राजपुरा | RPJ | 1 | 3 | NSG-4 |
| 9 | पटियाला | PTA | 1 | 3 | NSG-4 |
| 10 | नाभा | NBA | 1 | 3 | NSG-5 |
| 11 | धुरी | DUI | 1 | 3 | NSG-5 |
| 12 | सरहिंद | SIR | 1 | 3 | NSG-4 |
| 13 | Khanna खन्ना | KNN | 1 | 3 | NSG-5 |
| 14 | रूपनगर | RPAR | 1 | 3 | NSG-5 |
| 15 | आनंदपुर साहिब | ANSB | 1 | 3 | NSG-5 |
| 16 | नंगल डैम | NLDM | 1 | 3 | NSG-5 |
| 17 | रामपुर फूल | PUL | 1 | 3 | NSG-5 |
| 18 | बरनाला | BNN | 1 | 3 | NSG-5 |
| 19 | मलेरकोटला | MET | 1 | 3 | NSG-5 |
| 20 | बठिंडा | BTI | 2 | 6 | NSG-3 |
| 21 | अबोहर | ABS | 1 | 3 | NSG-4 |
| 22 | Gidderbaha गिदड बाहा | GDB | 1 | 3 | NSG-5 |
| 23 | Malout मलौट | MOT | 1 | 3 | NSG-5 |
| 24 | संगरूर | SAG | 1 | 3 | NSG-5 |
| 25 | Sunam U.S. Wala सुनाम उधम सिंह वाला | SFMU | 1 | 3 | NSG-5 |
| 26 | ऊना हिमाचल | UHL | 1 | 3 | NSG-4 |
| 27 | अम्ब अन्दौरा | AADR | 1 | 3 | NSG-4 |
| 28 | शिमला | SML | 1 | 3 | NSG-5 |
| 29 | गोविन्दगढ़ | GVG | 1 | 3 | NSG-5 |
| | | | 36 | 108 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अग्रिम राशि (रु.) | Nil | निविदा पत्र मूल्य (रु.) | Nil | सुरक्षा जमा राशि (रु.) | Nil |

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र जमा करवाने की तिथि | वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला के कार्यालय में इच्छुक सेवानिवृत रेल कर्मचारियों द्वारा जमा कराये गए प्रार्थना पत्र **'पहले आओ, पहले पाओ'** के आधार पर स्वीकृत किए |
| आवेदन पत्र प्राप्त करने का स्थान व पता | नियम और शर्तों और मसौदा समझौते के विवरण वाले आवेदन पत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और इसे दिनांक 20.03.2025, समय 12:00 बजे से डाउनलोड किया जा सकता है। |

No.: NR-UMB0COML/1/2025(284713) Date: 18.03.2025 850/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# जेल विभाग, हरियाणा

बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला
टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

## वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया में है। पदों का विवरण, उनकी शैक्षणिक योग्यता और पारिश्रमिक निम्न प्रकार से हैं :-

| क्र. सं. | पदों का नाम | शैक्षणिक योग्यता और अनुभव | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर | स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले। | 30,000/- |
| 02. | काउंसलर/सामाजिक कार्यकर्ता/मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए। | 25,000/- |
| 03. | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | स्नातक सहित अकाउंट्स का नॉलेज और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज। | 18,000/- |
| 04. | नर्स/वार्ड ब्वॉय | नर्सों को ऑग्जीलियरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) के रूप में क्वालीफाइड और किसी मान्यताप्राप्त सरकारी चिकित्सा संस्थान द्वारा प्रशिक्षित होना चाहिए। **वार्ड ब्वॉय हेतु :-** 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अधिमानतः ऐसे केन्द्रों में अनुभवी। किसी आईआरसीए में नियुक्त वार्ड ब्वॉय को एनआईएसडी द्वारा प्रशिक्षित अवश्य होना चाहिए। | 20,000/- |
| 05. | सहकर्मी शिक्षक | साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार। | 10,000/- |

**वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :-** विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे सम्बन्धित जेलों में आयोजित किया जाएगा :-

| क्र. सं. | जेल का नाम | पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। | पदों की सं. | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | सेंट्रल जेल, अम्बाला | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | एक वर्ष अथवा मुख्य कार्यालय के निर्देशानुसार जो भी पहले है |
| 02. | सेंट्रल जेल-II, हिसार | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 03. | जिला जेल, कुरुक्षेत्र | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 02 | -उक्त- |
| | | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 04. | जिला जेल, करनाल | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 05. | जिला जेल, पानीपत | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 06. | जिला जेल, गुरुग्राम | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| | | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 07. | जिला जेल, फरीदाबाद | प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| 08. | जिला जेल, झज्जर | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 09. | जिला जेल, कैथल | नर्स / वार्ड ब्वॉय | 01 | -उक्त- |
| 10. | जिला जेल, भिवानी | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 11. | जिला जेल, जीन्द | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| | | अकाउंटेंट-कम-क्लर्क | 01 | -उक्त- |
| 12. | जिला जेल, नारनौल | सहकर्मी शिक्षक | 01 | -उक्त- |
| | | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |
| 13. | जिला जेल, सोनीपत | काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता | 01 | -उक्त- |

**नियम एवं शर्तें ;**

1. आवेदकों को 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त वर्णित जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। मूल दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** :- पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 01.04.2025 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),
कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा

### अनुलग्नक-III
### आवेदन प्रपत्र
### (अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन)

पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1. पद जिसके लिये आवेदन कर रहे हैं ______
2. आवेदक का नाम ______ लिंग ______
3. पिता का नाम ______ माता का नाम ______
4. पति/पत्नी का नाम ______
5. जन्मतिथि ______ आयु ______
6. वैवाहिक स्थिति ______
7. डाक पता ______ पिन ______
8. स्थायी पता ______
9. ई-मेल पता ______
10. टेलीफोन नम्बर ______ मोबाइल नम्बर ______
11. **शैक्षणिक / तकनीकी / व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल और अधिक) :**
**प्रमाण-पत्र संलग्न करें**

| योग्यता | बोर्ड/ विश्वविद्यालय / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत अंक | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(संलग्न किये जाने प्रमाण : अंक तालिकाएं, डिग्री सर्टिफिकेट, पंजीकरण इत्यादि)**

12. **कम्प्यूटर स्किल्स**
एमएस ऑफिस / ई-मेल का वर्किंग नॉलेज हां/नहीं
अंग्रेजी / हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान रखते हैं हां/नहीं
13. अनुभव (वर्तमान से पूर्ववर्ती तक) :-
(पूर्ववर्ती अनुभव जैसे नियुक्ति पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, वेतन प्रमाण-पत्र इत्यादि का प्रमाण संलग्न करें)

| पदनाम | संस्थान / संगठन का नाम | कार्य की प्रकृति | कार्य अवधि | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| | | | | |
| | | | | |

कोई अन्य जानकारी ______

### घोषणा

मैं घोषणा करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे अधिकतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। कोई जानकारी, यदि असत्य पाई जाती है, मेरी उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी।

दिनांक : ......................
स्थान : ...................... आवेदक के हस्ताक्षर

पीआरडीएच-1277/11/76/2025/32949/88/6 दि. 18.03.25


हरिभूमि कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेंद्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

### आगबबूला हुई यूनुस सरकार कहा- उनकी टिप्पणी किसी 'सबूत' पर आधारित नहीं

# गबार्ड बोलीं- बांग्लादेश में बढ़ा इस्लामिक आतंकी खतरा, मुश्किल में 'अल्पसंख्यक'

*तुलसी गबार्ड ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के 'उत्पीड़न और हत्या' का आरोप लगाया और कहा कि देश में इस्लामी आतंकवादियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नए मंत्रिमंडल और बांग्लादेश सरकार के बीच बातचीत अभी शुरू हुई है, लेकिन यह चिंता का एक मुख्य केंद्र बना हुआ है*

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यहां तक की उनके घरों और हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और आगजनी की भी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब इसी सच्चाई को अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने पूरी दुनिया के सामने रख दिया है, जिसके बाद से यूनुस सरकार आगबबूला हो गई है।

भारत में मौजूद अमेरिकी खुफिया एजेंसी की निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के हालात पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों का लंबे समय से उत्पीड़न हो रहा है। इन लोगों की हत्या और उनके साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं से अमेरिकी सरकार और राष्ट्रपति ट्रंप भी चिंतित हैं।

- अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे दुर्व्यहार से अमेरिकी सरकार बेहद चिंतित
- आयोजित रायसीना संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोलीं अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक



### ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट की नीति को केवल अमेरिका न समझा जाए

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका प्रथम की नीति को केवल अमेरिका के रूप में ही नहीं समझा जाना चाहिए। जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति की नीति है। ठीक उसी प्रकार से भारत के प्रधानमंत्री भारत सबसे पहले के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। तुलसी ने कहा कि मौजूदा वक्त भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूती के साथ एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने का बहुत बड़ा अवसर प्रदान करता है।

#### टिप्पणी देश की गलत छवि प्रस्तुत करती

17 मार्च की आधी रात को एक फेसबुक पोस्ट जारी करके बांग्लादेश की सरकार ने अपना पक्ष रखा। सरकार ने तुलसी गबार्ड की टिप्पणी की निंदा और कहा कि उनका बयान किसी भी सबूत या विशिष्ट आरोपों पर आधारित नहीं था। गबार्ड की टिप्पणी पूरे देश की गलत छवि प्रस्तुत करती है। यह बांग्लादेश की इमेज और प्रतिष्ठा को गुमराह करने वाला और नुकसान पहुंचाने वाला है। बांग्लादेश एक ऐसा देश है जिसकी इस्लामिक परंपरा समावेशी और शांतिपूर्ण रही है। हमने उग्रवाद और आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में प्रगति हासिल की है।

#### वास्तविक ज्ञान के आधार पर दें बयान

*यूनुस सरकार ने कहा कि बांग्लादेश को किसी भी तरह के इस्लामी खलीफत से जोड़ने की कोई भी कोशिश निंदनीय है। बड़े नेताओं और बड़ी हस्तियों को संवेदनशील मुद्दों पर वास्तविक ज्ञान के आधार पर ही बयान देना चाहिए। उन्हें भय को भड़काने और संभावित रूप से सांप्रदायिक तनाव को भड़काने से बचना चाहिए। हालांकि, मुख्य सलाहकार के कार्यालय ने कहा कि बांग्लादेश, दुनिया भर के कई देशों की तरह चरमपंथ की चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकार ने ये भी कहा कि वो कानून प्रवर्तन, सामाजिक सुधारों और अन्य आतंकवाद विरोधी प्रयासों के माध्यम से इन मुद्दों को हल करने के लिए अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ साझेदारी में लगातार काम कर रहा है।*

### डीआईए महानिदेशक आज से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर

# द्विपक्षीय खुफिया व रक्षा सहयोग, शांति तथा स्थिरता को और मजबूत करने पर होगी चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा 19-21 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।



इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा खुफिया सहयोग को और मजबूत बनाने के साथ-साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक संबंधों को बढ़ाना है। इस यात्रा के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक, ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे, जिनमें रक्षा विभाग के उप सचिव, राष्ट्रीय खुफिया महानिदेशक, रक्षा खुफिया प्रमुख और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के संयुक्त संचालन प्रमुख शामिल हैं।

#### रणनीतिक रक्षा पर चर्चा में मिलेगी सहायता

महानिदेशक राणा ऑस्ट्रेलिया के परिचालन ढांचे और संयुक्त कमान संरचनाओं के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए मुख्यालय संयुक्त संचालन कमान (एचक्यू जेओसी) का भी दौरा करेंगे। वह ऑस्ट्रेलियाई भू-स्थानिक संगठन (एजीओ) के निदेशक के साथ बातचीत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय नीति थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट से होने वाले उनके वार्तालाप से रणनीतिक रक्षा और सुरक्षा गतिशीलता पर चर्चा में सहायता मिलेगी।

#### दोनों देशों की प्रतिबद्धता को बनाएगी मजबूत

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत रक्षा संबंधों और साझा सैन्य परंपराओं का सम्मान करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। यह शहीद सैनिकों के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि है, जो राष्ट्र की सेवा में किए गए उनके बलिदानों के लिए आपसी सम्मान और स्मरण का प्रतीक है। यह यात्रा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खुफिया और सुरक्षा सहयोग को रेखांकित करते हुए क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाएगी।

## पीएम मोदी के नागपुर दौरे से पहले उपद्रव तो हरकत में सुरक्षा एजेंसियां

- 30 को संघ मुख्यालय जाने वाले होंगे पहले पीएम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** नागपुर में धार्मिक उन्माद भडकने के बाद आंतरिक सुरक्षा से जुडी गुप्तचर शाखाओं को एक्टिव कर दिया गया है। सूचनाएं खंगाली जा रही हैं। उपद्रव मचाने वालों को चिन्हित करने के साथ इस बात की तफ्तीश की जा रही है कि उपद्रवियों की जडें लोकल हैं या फिर कोई बाहरी तत्वों का भी दखल है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि सुरक्षातंत्र को जहां इस बात की चिंता है कि आजादी के बाद आजतक नागपुर में कभी धार्मिक उन्माद नहीं भडका, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा से ठीक पहले ऐसे उपद्रव के क्या मायने हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च का गुड़ी पड़वा के दिन नागपुर दौरा निर्धारित है। उसी दिन प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ प्रवास भी सुनिश्चित है। नागपुर प्रवास के दौरान पीएम मोदी संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के नाम पर बनने वाले नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की नींव रखेंगे। केशव नेत्र चिकित्सालय में कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात और बातचीत अलग से हो सकती है। इस मुलाकात और कार्यक्रमों पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।




## द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी क्षेत्र पर 'सबसे लंबे समय तक' अवैध कब्जा पीओके पर देखने को मिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी क्षेत्र पर 'सबसे लंबे समय तक' अवैध कब्जा पीओके पर देखने को मिला है। उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में यह बात कही। जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से संबंधित मुद्दों पर वैश्विक नियमों को चुनिंदा तरीके से लागू किये जाने का भी उल्लेख किया। विदेश मंत्री ने 'रायसीना डायलॉग' के एक सत्र में एक 'मजबूत और निष्पक्ष' संयुक्त राष्ट्र की भी हिमायत की। साथ ही, उन्होंने कुछ मुद्दों से निपटने में हुए ऐतिहासिक अन्याय को लेकर चिंता जताई।



## भारत-न्यूजीलैंड की नौसेना के बीच सहमति द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण आज से

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड की नौसेना परस्पर संबंधों को मजबूत बनाने, संयुक्त प्रशिक्षण और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगी। भारत की यात्रा पर आये न्यूजीलैंड के नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने यहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने नौसेना के परस्पर संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त प्रशिक्षण पहल और समुद्री सहयोग पर चर्चा की। न्यूजीलैंड के नौसेना प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, सेना प्रमुख, वायु सेना प्रमुख और रक्षा सचिव सहित वरिष्ठ रक्षा नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। भारत और फ्रांस के बीच स्थायी समुद्री साझेदारी का प्रतीक 23वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण का 23वां अभ्यास आज से शुरू होगा।

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर एक घंटे से ज्यादा चली ट्रंप और पुतिन के बीच बातचीत

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत हुई। इस बातचीत के जरिये ट्रंप प्रशासन, रूस के राष्ट्रपति को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को समाप्त करने के संभावित उपाय के रूप में 30 दिवसीय संघर्षविराम प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी करना चाहता है। अमेरिका और रूस ने बातचीत को लेकर तत्काल कोई विवरण नहीं दिया लेकिन दोनों देशों ने बातचीत समाप्त होने की पुष्टि की। ट्रंप ने कॉल से पहले कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पुतिन के साथ तीन साल के युद्ध के दौरान जब्त की गई भूमि और बिजली संयंत्रों पर चर्चा होगी।




किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए corporate.enquirynz@heromotocorp.com पर ईमेल करें

आधार कार्ड^ पर लोन व कैश EMI | ₹60^ प्रतिदिन EMI | 5% इंस्टेंट डिस्काउंट* चुनिंदा कार्डों पर | HDFC BANK | pine labs PAY LATER

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per combined sales volume of 100-110cc motorcycles for FY 24 by a single company. Data Source: SIAM's domestic sales data FY 2024. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. The offer is applicable on purchase of HF Series & Splendor+ Series from authorised dealers of HeroMotocorp using any HDFC Credit Card on all Pine Labs POS terminals. The 5% cashback upto ₹5000/- is applicable on minimum transaction of ₹40,000. T&C apply. *Ex-showroom price of HF Deluxe Self non i3s Drum Brake, Splendor+ Non i3s Drum Brake variant in Gurugram.

India's First 5 Year Warranty* *Conditions apply

TOLL FREE 1800 266 0018

**Authorised Dealers:** **Ambala Cantt: Haryana Motors**, 9289923122; **Ambala City: Dhruv Hero**, 9289922868; **Assandh: Sandhu Hero**, 9289922815; **Bahadurgarh: Satvik Hero**, 9289922550 **Bhiwani: Jaya Hero**, 9289922056; **Ellenabad: Ajit Hero**, 9289922505; **Fatehabad: Shri Balaji Hero**, 9289922057; **Gharaunda: Laxmi Hero**, 9289922433; **Gohana: Krishna Hero**, 9289923026; **Hisar: Chaudhary Hero**, 9289922049, **Vikrant Hero**, 9289923082; **Jhajjar: Pushkar Hero**, 9289923147; **Jagadhari: Khanna Hero**, 9289922050; **Jind: National Hero**, 9289922061; **Kaithal: Chaudhary Hero**, 9289922062; **Karnal: Nirmal Hero**, 9289922048; **Kurukshetra: VPS Hero**, 9289922988; **Ladwa: Khanna Hero**, 9289922063; **Mandi Dabwali: Karan Hero**, 9289922490; **Nuh: Sunil Hero**, 9289923087; **Narnaul: Autodeals Hero**, 9289922058; **Narwana: Narwana Hero**, 9289923101; **Palwal: DevVaahan Hero**, 9289922877; **Panchkula: Regent Hero**, 9289923161; **Panipat: Kadian Hero**, 9289923182, **Sahib Hero**, 9289922059; **Pehowa: Saraswati Hero**, 9289922393; **Rewari: Virendra Hero**, 9289922060; **Rohtak: Shivam Hero**, 9289922047; **Sirsa: Khanna Hero**, 9289923195; **Sonipat: Sidak Hero**, 9289922865; **Yamuna Nagar: Rohit Hero**, 9289922394; **Faridabad: Sehgal Hero**, 9289922419, **Sehgal Hero, NIT**, 9289207333, **Gurgaon: Himgiri Hero**, 9289923046, **Autoneeds Hero**, 9289922051, **Jaasodha Hero**, 9289922495, **Sharma Hero, Basai Road Sector 11,** 9289923221, **Hansi: Sunil Motors**, 9821744694.

VML.5798.2025